दूरभाष : 0771.2285352, 2285353(फैक्स)
E-mail : dco-chh.rgi@censusindia.gov.in

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़
DIRECTORATE OF CENSUS OPERATIONS CHHATTISGARH
गोविन्द सारंग परिसर, तृतीय तल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर – 492006
Govind Sarang Complex, 3rd Floor, New Rajendra Nagar, Raipur -492006

---

क्र.डी–15037/1/2011–डीसीओ(छ.ग.)/684 दिनांक– 27-06-2011

## निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर स्थित कार्यालय, में **जनगणना 2011 से संबंधित नजरी नक्शा एवं चार्ज रजिस्टर की ए–3 साईज के फोटोकापी** कार्य हेतु दर प्रदाय करने हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करती है। नियम व शर्तें निम्नानुसार हैः–

**1.कार्य का विवरणः–**

(अ) ए–3 साईज के नजरी नक्शा एवं चार्ज रजिस्टर की फोटोकापी किया जाना है।

(ब) चार्ज रजिस्टर की फोटोकापी निकालने के पश्चात स्टेप्लर पिन से स्टेप्लर कर चार्ज रजिस्टर बनाया जाना होगा।

(स) **यह दस्तावेज गोपनीय होने के कारण उनकी फोटोकापी का कार्य फोटोकापी मशीन को कार्यालय में स्थापित करके किया जाना होगा** तथा किसी भी स्थिति में इन दस्तावेजों को कार्यालय के बिना अनुमति के कार्यालय से बाहर नहीं ले जाना है। फोटोकापी का कार्य प्रत्येक कार्य दिवसो में (रविवार को छोडकर) प्रातः 8.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक किया जा सकता है ।

(द) फोटोकापी मशीन पर खपत होने वाली विद्युत का व्यय कार्यालय द्वारा वहन किया जावेगा।

(ई) **संपूर्ण फोटो कापी का कार्य आदेश जारी होने के 30 दिन के अंदर किया जाना है।** समयावधि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जावेगा। कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा।

**2. दर प्रदाय**

**फोटोकापी कार्य हेतु फोटोकापी पेपर निदेशालय द्वारा प्रदाय किया जावेगा ।** अतः दर केवल प्रति पृष्ठ फोटोकापी कार्य के लिये प्रदाय किया जावे । प्रदत्त दर में समस्त कर एवं अन्य समस्त व्यय यथा फोटोकापी मशीन परिवहन, मजदूर, स्टेपल चार्ज आदि सम्मिलित हो ।

3. **सुरक्षा राशि जमा (Earnest Money Deposit):–**

निविदा के साथ रू. 2000/–सुरक्षा राशि (Earnest Money) संबंधी ड्राफ्ट संलग्न किया जाना होगा जो कि **अकाउण्ट पेयी डिमान्ड ड्राफ्ट हो तथा किसी राष्ट्रीयकृत /अनुसूचित बैंक द्वारा जारी निदेशक, डी.सी.ओ.छत्तीसगढ, रायपुर' (Director, D.C.O. Chhattisgarh, Raipur) के नाम से तथा रायपुर में देय हो**

4. **निविदाकर्त्ता हेतु योग्यताएं एवं आवश्यक दस्तावेज**

अ. निविदाकर्त्ता फर्म पंजीकृत होना चाहिये जिसकी छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ब. इस कार्य के लिये सुरक्षा राशि रू. 2000/–. का डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

5. **सुरक्षा राशि की वापसी**

असफल निविदाकर्त्ताओं की सुरक्षा राशि जमा (Earnest Money Deposit) कार्य आदेश अवार्ड करने के 30 दिनों के अंदर वापस कर दी जावेगी । उक्त राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा ।

6. **निविदा जमा/खोलने की तिथि**

निविदा जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ में दिनांक 4/7/2011 को दोपहर 3.00 बजे या इसके पूर्व जमा किया जा सकता है । इस तिथि या समय के बाद प्राप्त निविदा को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जावेगा । दिनांक 4/7/2011 को 03.30 बजे कार्यालय के क्रय समिति के समक्ष निविदा खोला जावेगा । **निविदा के साथ बिन्दु 4 में उल्लेखित उप बिन्दु 'अ' के समर्थन में स्व–सत्यापित दस्तावेज लगाना होगा । साथ ही सुरक्षा राशि संबंधी बैंक ड्राफ्ट अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना होगा ।** इसके अभाव में संबंधित निविदाकर्त्ता का निविदा निरस्त कर दिया जावेगा । निविदा खोले जाने के दौरान निविदाकर्त्ता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं ।

7. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद/परिवाद भारत के महारजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त आर्बिट्रेटर की मध्यस्थता में निपटाए जाएंगे । आर्बिट्रेटर द्वारा दिया गया निर्णय दोनों पक्षों को मान्य/बाध्यकारी होगा।

8. निविदाओं को मान्य/अमान्य करने अथवा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़, रायपुर के पास सुरक्षित रहेगा ।

( आर.पटेल )
सहायक निदेशक